Title: Requests the Central Government to hold talks with the Nepal Government for the completion of Panchmeshwar Bandh Bhalu Project in Gorakhpur to save the people from floods.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, पिछले सितम्बर महीने से कई महीनों तक आई प्रलयंकारी बाढ़ ने पूर्वांचल में भारी संख्या में लोगों के घरों को डुबा देने का काम किया था। माननीय प्रधान मंत्री जी जब गोरखपुर नगर में गए थे तो बाढ़ पीड़ितों को, प्रदेश की जनता को एक आश्वासन दिया था कि पंचमेश्वर बांध भालू योजना जिसके द्वारा नेपाल सरकार से भारत सरकार वार्ता करेगी। मोरार जी भाई जब प्रधान मंत्री थे तो पहली बार नेपाल से भारत सरकार की वार्ता हुई थी जिसके तहत पूर्वांचल को बाढ़ से बचाने के लिए, विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए और इन योजनाओं को लागू करने के लिए बात की गई थी। मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से मांग करता हूं कि करोड़ों परिवार जो बाढ़ में डूबे हुए थे, माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो वचन दिया था कि नेपाल से वार्ता करके इस योजना को लागू कराएंगे जिससे बाढ़ से पीड़ित लोगों को मदद मिल सके और स्थायी योजनाएं बन सकें। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि भारत सरकार नेपाल सरकार से वार्ता करके इन योजनाओं को पूरा करने का काम करेगी।

अध्यक्ष महोदय : हम सबको बुला रहे हैं।

... (व्यवधान)